collegebatch.com

**Series : WYX7Z**

**SET ~ 3**

प्रश्न-पत्र कोड **29/7/3**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (ऐच्छिक)

# HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **13** है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं – **खण्ड क, ख** और **ग**।*

*(iii)* *तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iv)* *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(v)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

collegebatch.com

## खण्ड क

### (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *10*

मन और मस्तिष्क में अंतर है। मस्तिष्क में अनगिनत चेतना की तरंगें उठती रहती हैं। मन उन तरंगों का समुच्चय (संगठन ) है। मन को विद्वानों ने तीन मंजिला भवन – नववल्कल, वत्सल और सर्पिल माना है जिनमें भाव तरंगें उठती हैं और संवेगात्मक प्रक्रिया में विकसित होती हैं, फिर क्रियात्मक रूप धारण करती हैं। डॉ. रघुवंश ने अपनी अपंगता को संवेगात्मक सशक्तता प्रदान की और मन में सुदृढ़ता से यह निश्चय किया कि यह अपंगता उनके जीवन के किसी कार्य में बाधक नहीं होगी और जीवन भर, उनके मन की सुदृढ़ता कायम रही और वे हर क्षेत्र में आगे बढ़े। अपने हाथों के न होने को अपनी अक्षमता नहीं माना बल्कि व्यावहारिक योग्यता से पैरों से ही लिखने का अभ्यास किया और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते गए। उनका नव उत्साह से भरा मन हमेशा लेखन कार्य, सेवा कार्य में रमता है। हर प्रकार की स्वच्छता की भावना उनके स्वभाव का अभिन्न अंग रही है। बहुत से लोगों में यह स्वच्छता बाह्य रूप में ही मिलती है, पर डॉ. रघुवंश बाह्य और आंतरिक रूप में तो स्वच्छ हैं ही, अर्थ संबंधी मामलों में भी स्वच्छ हैं जो आजकल कम ही दिखाई देता है। किस युक्ति से वह रिक्शा में बैठने से पूर्व उस चालक की देय राशि निकालकर रख लेते हैं, यह विस्मयकारी है जिससे उनको साथ ले जाने वाला व्यक्ति अपने पास से रुपये न दे दें। उनके रहन-सहन व व्यक्तित्व में जितनी स्वच्छता मिलती है, उसका स्पष्ट प्रभाव उनके द्वारा संपादित कार्यों में परिलक्षित होता है।

यह सब कुछ संभव हो पाने के पीछे उनका मज़बूत मन तो है ही, साथ ही वह संकल्प शक्ति भी है जिसे विद्वानों ने मन का लक्षण कहा है और जिसे उन्होंने स्वत: ही धारण कर ली थी क्योंकि मन ही तो संकल्पमय होकर सक्रिय हो उठता है। संकल्प ही व्यक्ति की प्रतिष्ठा है।

collegebatch.com

(i) गद्यांश के आधार पर मन क्या है ? *1*

(A) मस्तिष्क की तरंगों का समूह

(B) अतींद्रिय अनुभवों का केंद्र

(C) मस्तिष्क की तरंगों का केंद्र

(D) वैचारिक शक्ति का नियंत्रक

(ii) रिक्शेवाले का उदाहरण यहाँ किस उद्देश्य से दिया गया है ? *1*

(A) डॉ. रघुवंश के चरित्र की आर्थिक स्वच्छता दर्शाने के लिए

(B) डॉ. रघुवंश के चरित्र की व्यावहारिक स्वच्छता दर्शाने के लिए

(C) डॉ. रघुवंश के चरित्र की पवित्रता दर्शाने के लिए

(D) डॉ. रघुवंश के व्यक्तित्व की दृढ़ता दर्शाने के लिए

(iii) विद्वानों ने मन का लक्षण किसे कहा है ? *1*

(A) संकल्प

(B) चिंतन

(C) विचार

(D) इच्छा

(iv) मन किस प्रकार कार्य करता है ? *1*

(v) डॉ. रघुवंश ने अपनी शारीरिक अक्षमता को सक्षमता में कैसे बदला ? *2*

(vi) आंतरिक स्वच्छता व बाह्य स्वच्छता का अंतर स्पष्ट करते हुए लिखिए कि जीवन में किसका अधिक महत्त्व है और क्यों ? *2*

(vii) डॉ. रघुवंश के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? *2*

collegebatch.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *8*

यह हार एक विराम है
जीवन महासंग्राम है
तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूँगा नहीं
वरदान माँगूगा नहीं।
स्मृति सुखद प्रहरों के लिए
अपने खंडहरों के लिए
यह जान लो मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं
वरदान माँगूगा नहीं।
क्या हार में क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही
वरदान माँगूगा नहीं।
लघुता न अब मेरी छुओ
तुम हो महान बने रहो
अपने हृदय की वेदना मैं त्यागूँगा नहीं
वरदान माँगूगा नहीं।
चाहे हृदय को ताप दो
चाहे मुझे अभिशाप दो
कुछ भी करो कर्तव्य पथ से किंतु भागूँगा नहीं
वरदान माँगूगा नहीं।

collegebatch.com

(i) कवि जीवन की लड़ाई लड़ना चाहते हैं : *1*

(A) ईश्वर के आशीर्वाद से

(B) समय के अभिशाप से

(C) भाग्य के भरोसे

(D) संघर्ष के बल से

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन :* कवि ईश्वर के वरदान और भाग्यफल में विश्वास नहीं रखता।

*कारण :* कवि जीवन से हार चुका है, उसे निराशा ने घेर लिया है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) 'चाहे हृदय को ताप दो' – पंक्ति में 'हृदय को ताप देना' का अर्थ है : *1*

(A) सुख की ऊर्जा से भर देना

(B) घोर निराशा से भर देना

(C) रोग-पीड़ा से भर देना

(D) नकारात्मक विचारों से भर देना

(iv) यह कविता क्या प्रेरणा देती है ? *1*

(v) जीवन में मिलने वाली हार को विराम क्यों कहा गया है ? *2*

(vi) 'संघर्ष पथ पर जो मिले ...... वह भी सही' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। *2*

collegebatch.com

## खण्ड ख

### (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'शब्दों से जुड़ना ही कविता की दुनिया में प्रवेश करना है।' कथन के संदर्भ में कविता लेखन में शब्दों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ख) नाटक और रंगमंच जैसी विधा का सृजन मूलत: अस्वीकार के भीतर से ही होता है। उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए।

(ग) कहानी लेखन में संवादों का क्या महत्त्व है ? स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *5*

(क) मोबाइल टॉवरों का फैलता जाल

(ख) बारिश में खेलते बच्चे

(ग) रियलिटी शो : प्रतिभा की पहचान का मंच

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए :

(क) एंकर बाइट किसे कहते हैं ? टेलीविज़न पत्रकारिता में इसका क्या महत्त्व है ? (शब्द सीमा लगभग 20 शब्द) *1*

(ख) पत्रकारीय साक्षात्कार और सामान्य बातचीत में क्या अंतर है ? (शब्द सीमा लगभग 40 शब्द) *2*

(ग) लेख/आलेख विशेष रिपोर्ट से भिन्न कैसे है ? (शब्द सीमा लगभग 40 शब्द) *2*

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) संचार के मुद्रित माध्यम और इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों में से आपको कौन-सा माध्यम अधिक पसंद है और क्यों ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) समाचार-पत्र-पत्रिकाओं को कारोबार और अर्थ-जगत से जुड़ी खबरों के बिना संपूर्ण क्यों नहीं माना जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता की क्या स्थिति है ? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड ग

### (पाठ्य-पुस्तकों अंतरा तथा अंतराल पर आधारित प्रश्न)

**7.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'कन्ये गत कर्मों का अर्पण कर, करता मैं तेरा तर्पण' – पंक्ति के संदर्भ में निराला जी की विवशता और पीड़ा का वर्णन कीजिए।

(ख) 'यह दीप अकेला' कविता में दीप को 'पनडुब्बा' और 'समिधा' कहकर किस सत्य से अवगत कराया है ?

(ग) 'जो है वहाँ खड़ा है
बिना किसी स्तंभ के'
– 'बनारस' कविता से उद्धृत यह पंक्ति बनारस शहर की किस विशेषता की ओर संकेत करती है ?

**8.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

अरुण यह मधुमय देश हमारा !
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर – नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर – मंगल कुंकुम सारा !
लघु सुरधनु से पंख पसारे – शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए – समझ नीड़ निज प्यारा।

(i) काव्यांश में किसका वर्णन किया गया है ?
- (A) भारत भूमि की प्राकृतिक सुंदरता का
- (B) भारत के गौरवशाली अतीत का
- (C) आकाश में उड़ते रंग-बिरंगे पक्षियों का
- (D) उदित होते सूर्य की रंग-बिरंगी किरणों का

(ii) 'उड़ते खग' प्रतीकार्थ है :
- (A) प्रवासी पक्षी
- (B) शरणार्थी
- (C) उड़ान भरने वाले पक्षी
- (D) गतिशील मन

(iii) तरुशिखा कहाँ नृत्य कर रही है ?
- (A) घास के हरे-भरे मैदान पर
- (B) पेड़ की ऊँची चोटियों पर
- (C) तालाब में खिले कमलों पर
- (D) मैदान में खिले पुष्पों पर

collegebatch.com

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन :* भारत भूमि पर अनजान लोगों को भी आश्रय मिल जाता है।

*कारण :* अनजानों को सहारा देना और अपनाना भारत की विशेषता है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(v) कवि ने भारत भूमि को 'मधुमय' क्यों कहा है ?

(A) भारत में पाई जाने वाली सरस वनस्पति के कारण

(B) देश के प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण होने के कारण

(C) देश में बहने वाली सदानीरा नदियों के कारण

(D) प्रेम और माधुर्य से परिपूर्ण भारतीयों के कारण

**9.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(क) और यह कैलेंडर से मालूम था
अमुक दिन अमुक बार मदनमहीने की होवेगी पंचमी
दफ़्तर में छुट्टी थी – यह था प्रमाण
और कविताएँ पढ़ते रहने से यह पता था
कि दहर-दहर दहकेंगे कहीं ढाक के जंगल
आम बौर आवेंगे
रंग-रस-गंध से लदे-फँदे दूर के विदेश के
वे नंदन-वन होवेंगे यशस्वी
मधुमस्त पिक भौंर आदि अपना-अपना कृतित्व
अभ्यास करके दिखावेंगे
यही नहीं जाना था कि आज के नगण्य दिन जानूँगा
जैसे मैंने जाना, कि वसंत आया।

**अथवा**

collegebatch.com

(ख) कुसुमित कानन हेरि कमलमुखि,
मूंदि रहए दु नयान।
कोकिल-कलरव, मधुकर-धुनि सुनि,
कर देइ झाँपइ कान॥
माधव, सुन-सुन बचन हमारा।
तुअ गुन सुंदर अति भेल दूबरि-
गुनि-गुनि प्रेम तोहारा॥
धरनी धरि धनि कत बेरि बइसइ,
पुनि तहि उठइ न पारा॥

**10.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

मैं तो शहर से या आदमियों से डरकर जंगल इसलिए भागा था कि मेरे सिर पर सींग निकल रहे थे और डर था कि किसी-न-किसी दिन किसी की नज़र मुझ पर जरूर पड़ जाएगी।

जंगल में मेरा पहला ही दिन था जब मैंने बरगद के पेड़ के नीचे एक शेर को बैठे हुए देखा। शेर का मुँह खुला हुआ था। शेर का खुला मुँह देखकर मेरा जो हाल होना था वही हुआ, यानी मैं डर के मारे एक झाड़ी के पीछे छिप गया।

मैंने देखा कि झाड़ी की ओट भी गज़ब की चीज़ है। अगर झाड़ियाँ न हों तो शेर का मुँह-ही-मुँह हो और फिर उससे बच पाना कठिन हो जाए। कुछ देर बाद मैंने देखा कि जंगल के छोटे-मोटे जानवर एक लाइन से चले आ रहे हैं और शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे हैं। शेर बिना हिले-डुले, बिना चबाए, जानवरों को गटकता जा रहा है। यह दृश्य देखकर मैं बेहोश होते-होते बचा।

(i) 'सींग निकलना' से क्या आशय है ?

(A) हिंसक होना (B) विरोध करना
(C) पशु बनना (D) वयस्क होना

(ii) गद्यांश में शहर से जंगल की ओर भागने का सांकेतिक कारण लेखक ने क्या माना है ?

(A) आदमियों से डरना
(B) जंगल की सैर करना
(C) शहरी जीवन से थकना
(D) व्यवस्था के कहर से बचना

collegebatch.com

(iii) गद्यांश में 'शेर' प्रतीकार्थ है :

(A) हिंसक पशु (B) व्यवस्था

(C) जंगल का राजा (D) धनी वर्ग

(iv) जानवर शेर के मुँह में क्यों चले जा रहे थे ?

(A) उससे भयभीत होने के कारण

(B) किसी न किसी प्रलोभन के कारण

(C) पारंपरिक नियम होने के कारण

(D) अंधविश्वासी होने के कारण

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन :* जंगल के छोटे-मोटे जानवर शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे थे।

*कारण :* शेर अहिंसावादी, न्यायप्रिय और बुद्ध का अवतार था।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'संवदिया' कहानी में रेणु जी ने बड़ी बहुरिया की पीड़ा को संवदिया के माध्यम से पूरी सहानुभूति प्रदान की है। पुष्टि कीजिए।

(ख) 'लाखों-करोड़ों कोस दूर के तेज पिण्डों' का उदाहरण 'ढेले चुन लो' पाठ में किस उद्देश्य से दिया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) ' 'दूसरा देवदास' कहानी के माध्यम से लेखिका ने प्रेम को बंबइया फ़िल्मों की परिपाटी से अलग हटाकर उसे पवित्र और स्थायी स्वरूप प्रदान किया है।' सिद्ध कीजिए।

collegebatch.com

**12.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(क) ये लोग आधुनिक भारत के नए 'शरणार्थी' हैं, जिन्हें औद्योगीकरण के झंझावात ने अपने घर-ज़मीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है। प्रकृति और इतिहास के बीच यह गहरा अंतर है। बाढ़ या भूकंप के कारण लोग अपना घरबार छोड़कर कुछ अरसे के लिए जरूर बाहर चले जाते हैं, किंतु आफत टलते ही वे दोबारा अपने जाने-पहचाने परिवेश में लौट भी आते हैं। किंतु विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को उन्मूलित करता है, तो वे फिर कभी अपने घर वापस नहीं लौट सकते। आधुनिक औद्योगीकरण की आँधी में सिर्फ मनुष्य ही नहीं उखड़ता, बल्कि उसका परिवेश और आवास स्थल भी हमेशा के लिए नष्ट हो जाते हैं।

**अथवा**

(ख) जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरे उसका अपकार कर रहे हैं वह भी बुद्धिहीन है। कौन किसका उपकार करता है, कौन किसका अपकार कर रहा है ? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है; अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास – विधाता की योजना के अनुसार। किसी को उससे सुख मिल जाए, बहुत अच्छी बात है; नहीं मिल सका, कोई बात नहीं, परंतु उसे अभिमान नहीं होना चाहिए। सुख पहुँचाने का अभिमान यदि ग़लत है तो दुख पहुँचाने का अभिमान तो नितरां ग़लत है।

दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है।

**13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ सूरदास जैसे लाचार और बेबस व्यक्ति की जिजीविषा एवं उसके संघर्ष का अनूठा चित्रण है। सिद्ध कीजिए।

(ख) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर बिस्कोहर में होने वाली वर्षा का वर्णन कीजिए, साथ ही गाँव वालों को उसके बाद होने वाली कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'सदानीरा नदियाँ अब मालवा के गालों के आँसू भी नहीं बहा सकतीं' कथन के संदर्भ में लिखिए देश के अन्य हिस्सों में नदियों की क्या स्थिति है और इसके क्या कारण हैं ?